NAAC ACCREDITED A++ GRADE 3.55/4

BAOU Education for All

Dr. Babasaheb Ambedkar Open University
(Established by Government of Gujarat)

Accorded with CATEGORY 1 UNIVERSITY GRADED AUTONOMY by UGC

# 7 Day National Faculty Development Program (FDP)

# हिन्दू-अध्ययन भविष्य एवं सम्भावनाएँ : विकसित भारत 2047

**Date : 21st to 27th March 2026**

***Organized by:***

Hindu Studies Department
School of Humanities And Social Science,
Dr. Babasaheb Ambedkar Open University
Ahmedabad

***In association with:***

Knowledge Consortium of Gujarat (KCG)

**स्थल:**
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी,
ज्योतिर्मय परिसर, सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग, छारोड़ी, अहमदाबाद
गुजरात - 382481

## प्रस्तावना :

भारतीय ज्ञान परंपरा में शास्त्र व लोक एक-दूसरे के सम्पूरक एवं सम्पोषक माने गये है। भारतवर्ष को भारतीय दृष्टि से देखना ही सनातन परंपरा का उद्देश्य रहा है। परंपराएँ संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है, हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम का उद्देश्य सनातन हिन्दू धर्म एवं जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में सन्निहित मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों की पुनर्स्थापना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अन्तर्गत निर्मित हिन्दू-अध्ययन पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श एवं चिन्तन, भारतीय संस्कृति की अवधारणा को और अधिक पुष्ट एवं संवर्धित करेगा एवं विकसित भारत २०४७ के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।

## उद्देश्य :

- इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम / संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सनातन भारतीय परंपरा में निहित मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों की वैश्विक उपयोगिता के पक्ष एवं सन्दर्भ को रखना।
- हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम के अंतर्गत पुनर्जन्म-बंधन-मोक्ष विमर्श, भारतीय मूल्य , पुराण विमर्श, जैन और बौद्ध परम्परा, ज्योतिषशास्त्र, तुलनात्मक धर्म जैसे विषयों पर गहन चर्चा एवं हिन्दू-अध्ययन, भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बंधित छात्रों के उपयोग हेतु स्वाध्याय सामग्री का निर्माण।

## विश्वविद्यालय के विषय में

भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न बाबासाहेब अंबेडकर जी की पुण्य स्मृति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और डिस्टेंस एजुकेशन काउन्सिल की मान्यता के साथ गुजरात सरकार ने सन् 1994 ई. में एक्ट सं. 14 के तहत अहमदाबाद में गुजरात के एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी की स्थापना की। स्थापना के क्रम में यह देश का सातवाँ मुक्त विश्वविद्यालय है। गुजरात राज्य की शैक्षिक गतिविधियों को तीव्रता प्रदान करते हुए यूनिवर्सिटी आज मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ODL) माध्यम से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के 79, यू.जी.सी. मानदंडों के तहत पीएच.डी. स्तर के 16, ऑनलाइन माध्यम से 10 और स्वयं (SWAYAM) माध्यम से 07 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश आमंत्रित कर रही है, जिनमें वर्तमान में 8,00,000 से ज़्यादा शिक्षार्थी पंजीकृत हैं। यूनिवर्सिटी ने NAAC A++ प्रत्यायन, यू.जी.सी. श्रेणी-I और 12(B) स्थिति, NIRF 2024 में तीसरा दर्जा और संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए FICCI पुरस्कार अर्जित किया है। यूनिवर्सिटी रूस, मोज़ाम्बिक और मंगोलिया के शैक्षिक संस्थानों के साथ मिलकर काम करते हुए अकादमिक आदानप्रदान और सहयोग को बढ़ावा देकर वैश्विक शिक्षाक्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज करा रही है।

## नॉलेज कंसोर्टियम ऑफ गुजरात (KCG) के विषय में

नॉलेज कंसोर्टियम ऑफ गुजरात (KCG) गुजरात सरकार की एक प्रमुख शैक्षणिक संस्था है, जो राज्य में उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। यह संस्था शिक्षा विभाग, गुजरात सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन के रूप में संचालित होती है। KCG का उद्देश्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग जगत के बीच सहयोग को सशक्त बनाना है, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और ज्ञान आधारित समाज का निर्माण किया जा सके। संस्था आधुनिक पाठ्यक्रम, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, सेमिनार, कार्यशालाएँ, डिजिटल लर्निंग और नवाचार आधारित गतिविधियों के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को नई दिशा प्रदान करती है। ज्ञान, तकनीक और नवाचार के समन्वय से KCG गुजरात को शिक्षा और अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## शोधपत्र के विषय और उप-विषय :

निम्न लिखित उपविषयो में से किसी भी विषय पर शोधपत्र की प्रस्तुति अध्येता द्वारा आमंत्रित है।

### 1. पुनर्जन्म,बंधन एवं मोक्ष विमर्श

- जीवन की अवधारणा
- बंधन की परिभाषा – सांख्यकारिका (सांख्यकौमुदी)
- बंधन का मूलभूत कारण एवं उसकी प्रक्रिया
- धर्म का प्रेरक तत्त्व–पुनर्जन्म
- विनाश के भय से मुक्ति
- मोक्षकी अवधारणा
- उपनिषद में मोक्ष का विचार
- जीवन्मुक्ति-विदेहमुक्ति
- मोक्ष के लिए पूर्वापेक्षाएँ (संन्यासी और गृहस्थ)
- अत्यंत दु:खनिवृत्ति/ कैवल्य
- मुक्ति का मार्ग
- मोक्षप्राप्ति के विभिन्न मार्ग : कर्ममार्ग/भक्तिमार्ग/ ज्ञानमार्ग

### 2.भारतीय मूल्य

- भारतीय मूल्य / नीति का उद्भव विकास
- भारतीय मूल्य के प्रवर्तक एवं आचार्य
- भारतीय मूल्य/ नीति का प्रयोजन
- भारतीय मूल्य के स्रोत / साधन
- भारतीय मूल्य की शिक्षा के विविध रूप
- पुरुषार्थचतुष्टय
- भारतीय मूल्य के सम्प्रत्यय : शुभ -अशुभ , पुण्य -पाप, अधिकार
- कर्त्तव्यवाद श्रीमद्भगवद्गीता
- सनातन धर्मोद्धार का स्तम्भ भारतीय मूल्य
- पंचतन्त्र अनुप्रयोगात्मक आचार पद्धतियों के सन्दर्भ
- अर्थशास्त्र अनुप्रयोगात्मक आचार पद्धतियों के सन्दर्भ
- ऋण की अवधारणा।

### 3. पुराण विमर्श

- पुराण-शब्दार्थ, स्वरूप और पुराण के पंच लक्षण
- पुराण और उपपुराण
- वेदों के सहायक स्रोत के रूप में पुराण
- पुराण में समय की अवधारणा
- धर्म की अवधारणा, दिनचर्या, संस्कार और अतिथिसत्कार
- तप, यज्ञ, दान और क्रिया
- पुराणो में भारत के लोग, भाषा और भूगोल
- आख्यान एवं उपाख्यान - लक्षण
- पुराणो मे ऋषि और ऋषिकाएं (बृहद्देवता-२७)
- पुराणो में महत्वपूर्ण पुरुष पात्र /महिला पात्र

### 4. ज्योतिषशास्त्र

- ज्योतिषशास्त्र के भेद
- ज्योतिष एवं विज्ञान का सम्बन्ध
- भारतीयज्योतिष और पंचांग देशकाल की माप ,
- ज्योतिष गणितशास्त्रीय पारिभाषिक शब्दव्युत्पत्ति:
- ज्योतिर्गणिताधिरोहिणी
- पञ्चाङ्ग-परिचय
- षड्वर्ग परिचय
- नक्षत्र परिचय
- ग्रह परिचय
- राशि परिचय
- हस्तरेखा विज्ञान

### 5. जैन और बौद्ध परम्परा

- बौद्ध परंपरा : उत्पत्ति एवं उत्क्रांति
- ईसा पूर्व ६वींशताब्दी में राजकीय, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक परिस्थियाँ
- हेटेरोडोक्स सम्प्रदायोंका उद्भव
- गौतमबुद्ध : जीवन एवं समय
- बौद्ध परिषदों एवं बौद्ध धर्मकी शाखाएं : हीनयान, महायान, वज्रयान
- बौद्ध परंपरा : सिद्धांत एवं दर्शन
- जैन धर्मकी उत्पत्ति एवं प्राचीनता; ऐतिहासिक विकास
- जैन धर्मकी शाखाएं
- बौद्ध एवं जैन धर्म का परस्पर सबंध
- जैन धर्म :सिद्धांत एवं तत्त्वज्ञान पञ्च महाव्रत, धैर्य, आगम
- जैन एवं बौद्धधर्मके साधु, साध्वी एवं समाजके लिए आचारसंहिता

### 6. तुलनात्मक धर्म

- वैदिक धर्म- वैष्णव, शैव और शाक्त
- सिख पंथ: उत्पत्ति और विकास
- त्रिविध दुःख, सेमेटिक धर्म में मूल पाप की अवधारणा
- हिंदू धर्म में धार्मिक विचार: वैदिक और आगमिक ग्रंथ
- भारत में नव धार्मिक आन्दोलन और उनके अनुयायी
- हिंदू धर्म, बौद्ध और जैन धर्म के मध्य आत्मसात करने वाले तत्व
- धर्म, रिलिजन, मजहब, मत, पंथ, संप्रदाय का विमर्शात्मक अध्ययन

## शोधपत्र जमा करने हेतु दिशा - निर्देश :

- **पेपर साइज :** A4
- **फॉन्ट :** Times New Roman / Arial Unicode MS
- **लाइन स्पेसिंग :** 1.5
- **टाइटल फॉन्ट साइज :** 14 pt
- **संधर्भ शैली :** APA
- **बॉडी फॉन्ट साइज :** 12 pt
- केवल मूल, अप्रकाशित शोधपत्र ही स्वीकार्य होगा।
- **शोधपत्र की भाषा :** हिंदी /अंग्रेजी/संस्कृत /गुजराती
- **शोधसार:** 250 - 300 words
- **सम्पूर्ण शोधपत्र:** 2500 - 4000 words
- **शोधपत्र हेतु ईमेल :** hindu.studiesfdp@baou.edu.in

**पंजीकरण एवं सारांश (Abstract)की महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

- शोधसार जमा करने की अंतिम तिथि : 10/03/2026
- शोधपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 15/03/2026

**पंजीकरण**

- **शोधार्थी के लिए पंजीकरण शुल्क ₹ 100/-**
- **प्राध्यापको के लिए पंजीकरण शुल्क ₹ 200/-**

**पंजीकरण लिंक :** https://forms.office.com/r/UPXR6TXijr

**सरल पंजीकरण हेतु केवल QR कोड़ स्कैन करें।**



**सम्मेलन से जुड़े सभी सदस्यों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। प्रतिभागियों को यात्रा व्यय स्वयं करना होगा। सभी प्रतिभागियों के भोजन एवं आवास की व्यवस्था रहेगी।**

- इस संकाय प्रशिक्षण कार्यशाला (FDP) में विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा नामित प्रतिभागी सदस्यों द्वारा किसी एक विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है। चयनित शोधपत्र को विश्वविद्यालय की Peer Reviewed त्रैमासिक पत्रिका (चैतन्य E- Journal) में प्रकाशित किया जाएगा।
- शोधपत्र एवं व्याख्यान का उपयोग भविष्य में छात्र-छात्राओं के अध्ययन हेतु किया जाएगा।
- सप्त दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रतिभागी प्राध्यापक सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह एम् ए हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम से सम्बन्धित दो व्याख्यान विश्वविद्यालय के चैतन्य स्टूडियो में अवश्य रिकॉर्ड करेंगे।

## मुख्य संरक्षक

**प्रो. (डॉ.) अमी उपाध्याय**
**माननीय कुलपति,**
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय

**श्री दिलीप राणा (आईएएस)**
**कमिश्नर,**
हायर एजुकेशन और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर
नॉलेज कंसोर्टियम ऑफ गुजरात (KCG)

## संरक्षक

**प्रो. योगेन्द्र पारेख**
निदेशक, SHSS

**डॉ. महेशप्रसाद त्रिवेदी**
निदेशक अकादमिक

## आयोजन समिति

**डॉ. विनोदकुमार माजीराणा**
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत

**श्री शुभम तिवारी**
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दू अध्ययन

**श्री जय चुडासमा**
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दू अध्ययन

**श्री श्याम पटेल**
असिस्टेंट प्रोफेसर, IKS

**डॉ. रोशनी प्रजापति**
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत



**डॉ. मुकेशकुमार इढारिया**
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत

**श्री सौरभकांत त्रिपाठी**
असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दू अध्ययन

**श्री विवेक साखी**
असिस्टेंट प्रोफेसर, IKS

**श्री जैमिन दवे**
असिस्टेंट प्रोफेसर, IKS

**डॉ. पायल चावड़ा**
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत

**संपर्क सूत्र :- 9510612795, 7518455490**

## निमंत्रक

**कुलसचिवश्री**
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद